2022

HINDI

(Regular Generic)

Paper : HIN–RG–5016

(संगीत एवं साहित्य)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भरतमुनि-रचित वह कौन-सा ग्रंथ है जिसमें संगीत के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया है?

(ख) संगीत के तीन अंग कौन-कौन से हैं?

(ग) गीति-काव्य का स्रोत-ग्रंथ क्या है?

(घ) संगीत के आदि प्रेरक कौन हैं?

(ङ) वैदिक काल में संगीत को किस नाम से पुकारा जाता था?

(च) अमीर खुसरो ने किस गायकी की शुरुआत की थी?

(छ) हिन्दी गीति-काव्य की परम्परा किस आदिकालीन कवि के पदों से प्रारम्भ होती है?

(ज) 'गीत-गोविन्दम्' के रचनाकार कौन हैं?

(झ) चैतन्य महाप्रभु ने किस गायन-शैली को जन्म दिया, जो उत्तर भारत में भी काफी लोकप्रिय हुई?

(ञ) मध्यकालीन किसी एक वाद्य यंत्र के नाम का उल्लेख कीजिए।

(ट) राग मालकोस किस थाट का राग है?

(ठ) किसी एक सूफी संत के नाम का उल्लेख कीजिए, जिन्होंने संगीत के भक्ति-स्वरूप पर बल दिया।

(ड) तुलसीदास द्वारा रचित किसी एक प्रगीत काव्य के नाम का उल्लेख कीजिए।

(ढ) तुलसीदास के प्रिय रागों में से किसी एक राग का नाम लिखिए।

(ण) गीति-तत्त्व की दृष्टि से सूरदास का प्रतिनिधि ग्रंथ कौन-सा है?

(त) निराला ने 'बादल राग' कविता में किस राग का प्रयोग किया है?

(थ) प्रसाद की किसी एक रचना के नाम का उल्लेख कीजिए, जिसमें संगीत-तत्त्व विद्यमान है।

(द) पंत की किसी एक कविता के शीर्षक का उल्लेख कीजिए, जिसमें गेयता विद्यमान है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) वैदिक संगीत से आप क्या समझते हैं?

(ख) वेदपाठ के किन्हीं दो अपरिहार्य अंगों के नाम लिखिए।

(ग) गीति-परम्परा में आने वाली विद्यापति की एक रचना एवं उस रचना की भाषा का उल्लेख कीजिए।

(घ) मध्यकालीन भारत के किन्हीं दो प्रसिद्ध संगीतज्ञों के नाम का उल्लेख कीजिए।

(ङ) साम संगीत से आपका क्या अभिप्राय है?

(च) शास्त्रीय संगीत को परिभाषित कीजिए।

(छ) अवधी के लोकगीतों में प्रचलित सोहर छंद का प्रयोग तुलसीदास ने अपनी किस-किस रचना में किया है?

(ज) महादेवी वर्मा ने अपने गीतों में जिन रागों का प्रयोग किया है, उनमें से दो का उल्लेख कीजिए।

(झ) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा'—यह गीत प्रसाद के किस नाटक में प्रयुक्त हुआ है?

(ञ) निराला की किस लम्बी कविता में गीति-तत्त्व के दर्शन होते हैं?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) संगीत के क्षेत्र में भरतमुनि के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(ख) गीति-काव्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) लोकगीत के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) संगीत के क्षेत्र में अमीर खुसरो के योगदान पर प्रकाश डालिए।

(ङ) मीराँबाई के भजनों का संगीत के साथ संबंध निरूपित कीजिए।

(च) कबीर की रचनाओं में आप संगीत को किस रूप में देखते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(छ) महादेवी वर्मा के काव्य की सांगीतिकता पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(ज) "पंत के काव्य में प्रकृति के साथ-साथ गीति-तत्त्व भी विद्यमान है।" स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) साहित्य का संगीत के साथ क्या संबंध है? इस बारे में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ख) 'भारत और संगीत' विषय पर एक लेख लिखिए।

(ग) "विद्यापति के गीतों में यदि एक ओर लोकभाषा की तरलता, सरलता और सुकुमारता है, तो दूसरी ओर भावों की अनुपम माधुरी और साहित्य की अपूर्व सौंदर्यमयता भी है। वे हिन्दी के आदि गीतिकार हैं, तो परवर्ती गीतिकारों के आदि गुरु भी हैं। उनके गीत हिन्दी साहित्य की अनूठी सम्पत्ति है।" प्रस्तुत कथन की विवेचना कीजिए।

(घ) मध्यकालीन संगीत की विकास-यात्रा पर एक लेख लिखिए।

(ङ) सूफी साहित्य की सांगीतात्मकता पर आलोकपात कीजिए।

(च) गीति-तत्त्व की दृष्टि से सूरकाव्य का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(छ) संत साहित्य में आप संगीत को किस प्रकार देखते हैं? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

(ज) 'तुलसीदास की रचनाओं में संगीत'—इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(झ) "निराला के काव्य में संगीत तत्त्वों की अतिशयता है, इसलिए उनका काव्य संगीत के अधिक निकट है।" प्रस्तुत कथन की सम्यक् विवेचना कीजिए।

(ञ) गीति-तत्त्वों की दृष्टि से प्रसाद के गीतों का मूल्यांकन कीजिए।

★★★